4.16 (i) PTA

# राजकीय महाविद्यालय सलूणी में अविभावक अध्यापक संघ का गठन

दिनांक: 03 सितंबर, 2024
स्थान: राजकीय महाविद्यालय सलूणी

आज दिनांक 03/09/2024 को राजकीय महाविद्यालय सलूणी में अविभावक अध्यापक संघ की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सलूणी डॉ मोहिन्दर सलारिया ने की । बैठक का मुख्य उद्देश्य अविभावक अध्यापक संघ का गठन करना था । इस बैठक में सर्वसम्मति से श्री दिनेश कुमार को प्रधान चुना गया व श्रीमती बिमल देवी को उप - प्रधान चुना गया । सहायक प्राध्यापक श्री दिनेश कुमार को महासचिव, श्री बिहारी लाल शर्मा को सह सचिव व श्री हरिन्द्र कुमार (जेओए (आईटी)) को कोषाध्यक्ष चुना गया । श्री चमन सिंह, श्री महिंदर कुमार , श्री रमेश कुमार , श्री देस राज, श्री संजय कुमार व श्री संजय कश्मीरी को अविभावक अध्यापक संघ का सदस्य चुना गया । इस बैठक में महाविद्यालय की ओर से श्रीमती पिंकी देवी, श्री दिनेश कुमार, डॉ सौरभ मिश्रा, श्री गुरदेव सिंह, श्री पंकज कुमार, श्री शुभम डोगरा व श्री हरिन्द्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे । नवगठित अविभावक अध्यापक संघ ने महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने और विभिन्न मुद्दों को प्रशासन के समक्ष उठाने कि प्रतिवद्धता व्यक्त की। कार्यकारणी के गठनोपरंत महाविद्यालय से संबंधित बिभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई ।

**छायाचित्र व मीडिया कवरेज**




## तीन सितंबर को होगी सलूणी कालेज में पीटीए की बैठक

सलूणी। सलूणी कालेज में अभिभावक-अध्यापक संघ (पीटीए) की वार्षिक आम सभा का आयोजन तीन सितंबर को किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने बताया कि इस वार्षिक आम सभा में पीटीए की गत वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया बताया कि यह सभा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें न केवल संघ की पिछले वर्ष की उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

29TH AUGUST 2024

## एक नजर में

### सलूणी कालेज में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन तीन को

सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में शिक्षक-अभिभावक संघ का गठन किया जाएगा। संघ का गठन तीन सितंबर को होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंदर सलारिया ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि तीन सितंबर को महाविद्यालय में दोपहर 12 बजे तक उपस्थित हों, ताकि अभिभावक-शिक्षक संघ का गठन किया जा सके। शिक्षक-अभिभावक संघ एक ऐसा संगठन है, जिसके माध्यम से छात्रों तथा शिक्षकों के बीच में संपर्क स्थापित किया जाता है। शिक्षक-अभिभावक संघ महाविद्यालय की कई समस्याओं के निपटारे के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। (संस)

## तीन सितंबर को होगी सलूणी कालेज में पीटीए की बैठक

सलूणी। सलूणी कालेज में अभिभावक-अध्यापक संघ (पीटीए) की वार्षिक आम सभा का आयोजन तीन सितंबर को किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने बताया कि इस वार्षिक आम सभा में पीटीए की गत वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया बताया कि यह सभा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें न केवल संघ की पिछले वर्ष की उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

13TH September 2024

# सलूणी कालेज में छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर बनाने पर चर्चा



सलूणी कालेज में वीरवार को आयोजित बैठक में मौजूद अध्यापक- अभिभावक संघ के सदस्य • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी** : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में अभिभावक-अध्यापक संघ की बैठक में कई निर्णय लिए गए। कालेज प्राचार्य डा. मोहिंद्र सलारिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि कालेज के मुख्यद्वार के नीचे रिटेनिंग वाल का निर्माण करवाया जाएगा। प्रशासनिक भवन और कला संकाय के नीचे स्थित नालियों में चेकडैम लगाए जाएंगे ताकि जलभराव की समस्या से निपटा जा सके। छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर के निर्माण के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। महाविद्यालय के मुख्यद्वार के सामने सड़क के साथ वर्षाशालिका बनाई जाएगी। महाविद्यालय में खाली चल रहे अध्यापकों के पदों को शीघ्र भरने के लिए सरकार से अनुरोध किया जाएगा। बैठक में अभिभावक-अध्यापक संघ के प्रधान दिनेश कुमार, उपप्रधान बिमल देवी, सहायक प्राध्यापक दिनेश कुमार, हरिंद्र कुमार, चमन सिंह, महिंदर कुमार, रमेश कुमार, संजय कुमार मौजूद रहे।

**21ST November 2024**

चमन कुमार ने सरकार व सदर तब से लोगों में काफी निराशा है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक अजय जागरूकता कार्यक्रम में आठ स्कूलों शिवाना सहित छात्र मौजूद रहे।

# सलूणी महाविद्यालय में स्टाफ के रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग

**संवाद सहयोगी, जागरण, सलूणी :** सलूणी कालेज में स्टाफ के खाली पदों सहित छात्रों को पेश आने वाली सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। स्टाफ की कमी के कारण यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

यह मांग छात्रों की ओर से उठाई गई। राजकीय महाविद्यालय सलूणी में प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया की अध्यक्षता में बुधवार को कालेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन (सीएससीए) की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कालेज और छात्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। महाविद्यालय में अंग्रेजी व भूगोल के सहायक प्रोफेसर सहित लाइब्रेरियन के रिक्त पदों को भरने की छात्रों ने पुरजोर मांग उठाई। छात्रों ने कहा कि खाली पदों को भरा जाता है, तभी बेहतर शिक्षा मिल सकती है। छात्रों ने विज्ञान कक्षाओं की शुरुआत करने की मांग की, ताकि विज्ञान विषयों में रुचि रखने वाले छात्रों को लाभ मिल सके।

इसके अलावा छात्रों ने कालेज तक आवाजाही करने के लिए विशेष बस सेवा की व्यवस्था करने की मांग की, ताकि दूरदराज से आने वाले छात्रों को सुविधा मिल सके।

वहीं, छात्राओं के लिए आवास की सुविधा बढ़ाने के लिए छात्रावास के निर्माण, खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदान के निर्माण, शिक्षकों और कर्मचारियों के आवास की सुविधा बढ़ाने के लिए स्टाफ आवास के निर्माण की मांग सहित सलूणी-टिकरू मार्ग के किनारे अपारदर्शी बाड़ लगाने की मांग की गई, ताकि कालेज परिसर की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित की जा सके।

इस पर कालेज प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया ने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। बैठक में सीएससीए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों के अलावा सीएससीए परामर्श समिति के सदस्य सहायक आचार्य दिनेश कुमार, गुरदेव सिंह और डा. सौरभ मिश्रा भी उपस्थित रहे।



राजकीय महाविद्यालय सलूणी में बुधवार को आयोजित सीएससीए की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कालेज स्टाफ • जागरण


# सलूणी में सहायक प्रोफेसर के खाली पद जल्द भरो

**निजी संवाददाता–सलूणी**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी की सीएससीए की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने की। बैठक में कालेज और छात्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अंग्रेजी, भूगोल के सहायक प्रोफेसर और लाइब्रेरियन के रिक्त पदों को भरने की मांग उठाई गई। छात्रों ने इन पदों को शीघ्र भरने की मांग की ताकि शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार हो सके। विज्ञान विषयों की कक्षाएं शुरू करने की मांग भी की गई ताकि विज्ञान विषयों में रुचि रखने वाले छात्रों को लाभ मिल सके। कालेज छात्रों को आवाजाही के लिए विशेष बस सेवा की व्यवस्था करने की मांग की छात्राओं के लिए आवास की सुविधा बढाने के लिए छात्रावास के निर्माण की मांग की गई। खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदान के निर्माण पर जोर दिया गया। शिक्षकों और कर्मचारियों के आवास की सुविधा बढ़ाने के लिए स्टाफ आवास के निर्माण की मांग की गई। बैठक में परिसर की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए अपारदर्शी बाड लगाने की मांग की गई।

21 APRIL 2025

# सलूणी कालेज में विद्यार्थियों को मिले हास्टल की सुविधा



राजकीय महाविद्यालय सलूणी में हास्टल बनाने की मांग को लेकर राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन को मांगपत्र सौंपते पीटीए अध्यक्ष डीके राणा • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में कन्या व बाल हास्टल की सुविधा दी जाए। यह मांग सलूणी कालेज के पीटीए अध्यक्ष डीके राणा ने राज्य सभा सदस्य हर्ष महाजन से की।

राणा ने कहा कि सलूणी कालेज में विद्यार्थियों को हास्टल की सुविधा नहीं मिलती है। दूरदराज के क्षेत्रों से यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को या तो किराये पर कमरा लेकर रहना पड़ रहा है या फिर उन्हें हर दिन बसों के माध्यम से सफर करना पड़ रहा है।

दोनों ही हालात में विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां पर सलूणी के अलावा लंगेरा, भांदल, हिमगिरि सहित अन्य दूरदराज के क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं।

इनके लिए हास्टल का होना अति आवश्यक है। यहां तक कि जो अध्यापक बाहरी क्षेत्रों से विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए आते हैं, उनको भी रहने के लिए हास्टल का होना आवश्यक है। राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन ने कहा कि उक्त मांग को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।